भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या 269
दिनांक 06 दिसम्बर, 2019 को उत्तर के लिए

रजोनिवृत्ति संबंधी नीति

*269. डा. डी. रविकुमारः

क्या महिला और बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकारी और निजी क्षेत्रों में ऐसी महिला कर्मचारियों के लिये सरकार कोई रजोनिवृत्ति संबंधी नीति बनाने पर विचार कर रही है, जो रजोनिवृत्ति के परिणामस्वरूप शारीरिक और मानसिक तनाव की स्थिति से गुजर रही हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

श्रीमती स्मृति ज़ुबिन ईरानी महिला एवं बाल विकास मंत्री

(क) से (ग) : विवरण सदन के पटल पर प्रस्तुत है ।

*****

'रजोनिवृत्ति संबंधी नीति' के बारे में श्री डी. रविकुमार द्वारा दिनांक 06 दिसम्बर, 2019 को पूछे जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 269 के उत्तर में संदर्भित विवरण ।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन समान, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के लिए सार्वभौमिक पहुंच की उपलब्धि की परिकल्पना करता है जो लोगों की आवश्यकताओं के प्रति उत्तरदायी हो । यह कार्यनीति प्रजनन, मातृ, नवजात शिशुओं, बच्चों और किशोरियों के स्वास्थ्य के पांच स्तंभों या विषयगत क्षेत्रों के माध्यम से व्यापक देखभाल के प्रावधान पर आधारित है और इक्विटी, सार्वभौमिक देखभाल, पात्रता तथा जवाबदेही के केन्द्रीय सिद्धांतों द्वारा निर्देशित है तथा इसे जीवन के विभिन्न चरणों पर समान ध्यान फोकस करने के लिए 'देखभाल की निरंतरता' की समझ प्रदान करने के लिए विकसित किया गया है ।

रजोनिवृत्ति उम्र बढ़ने की प्रक्रिया का एक सामान्य परिणाम है और यह महिला में हार्मोन्स की कमी वाली एक प्राकृतिक स्थिति है जो 45-55 वर्ष की उम्र होने पर होती है । इस अवस्था में, अंडाशय धीरे-धीरे कम सक्रिय हो जाता है और अपने सेक्स हार्मोन्स (एस्ट्रोजन तथा प्रोजैस्ट्रोन) का कम उत्पादन करता है । परिणामस्वरूप, माहवारी स्थायी रूप से बंद हो जाती है । महिलाओं को सामान्यतः रजोनिवृत्त तब समझा जाता है जब उन्हें बिना किसी अन्य कारण के एक वर्ष तक माहवारी न हो । कुछ महिलाओं को कुछ छोटी-मोटी समस्या होती है या बिल्कुल नहीं होती है लेकिन कुछ महिलाओं को इस अवधि में गंभीर लक्षण होते हैं । यह महिलाओं के जीवन में एक अपरिहार्य घटना है जो अपने आगामी जीवन के कई वर्ष पोस्टमेनोपॉज चरण में बिताती हैं ।

वर्तमान में, सरकारी और निजी क्षेत्र में महिला कर्मचारियों के लिए कोई रजोनिवृत्ति नीति नहीं है । सरकारी और निजी क्षेत्र में महिला कर्मचारियों के लिए कोई रजोनिवृत्ति नीति तैयार करने के मुद्दे पर कोई निर्णय लेने से पहले, हितधारकों तथा विशेषज्ञों से परामर्श और विषय के सभी पहलुओं पर सावधानीपूर्वक विचार करने के अलावा, रजोनिवृत्ति के फलस्वरूप ऐसी महिला कर्मचारियों द्वारा झेले जाने वाले शारीरिक तथा मानसिक तनाव के विषयगत क्षेत्र से संबंधित दृढ़ शोध निष्कर्षों की भी आवश्यकता होगी ।

*****